2018

A-LL-NRB (HIN) Comp.

कला

समय-1 घंटा 37¹/2 मिनट पूर्णांक-50

Time : 1 HOURS 37¹/2 MINUTES FULL MARKS 50

I. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें । 1x25=25

(I) 'कलम का सिपाही' किसे कहा जाता है ?

(A) रामवृक्ष बेनीपुरी (B) प्रेमचंद (C) पंत (D) कबीर

(II) हिन्दी साहित्य में कथा सम्राट किसे कहा जाता है ?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) यशपाल (C) प्रेमचंद (D) जायसी

(III) रामधारी सिंह दिनकर का जन्म कब हुआ था?

(A) 1905 ई०(B) 1908 ई०(C) 1909 ई० (D) 1911 ई०

(IV) महादेवी वर्मा रचित 'गौरा' साहित्य की कौन-सी विधा है ?

(A) कहानी (B) शब्द चित्र (C) निबंध (D) नाटक

(V) 'भारत माता ग्रामवासिनी' कविता के कवि कौन हैं?

(A) दिनकर (B) सुमित्रानंदन पंत (C) नागार्जुन (D) जायसी

(VI) 'प्रकृति के सुकुमार कवि' किसे कहा जाता है?

(A) नागार्जुन (B) सुमित्रानंदन पंत (C) जायसी (D) कबीर

(VII) 'आधुनिक युग की मीरा' कौन हैं?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान (B) मीराबाई (C) महादेवी वर्मा(D) पंत

(VIII)'रहीम' किस काल के कवि हैं?

(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल (C) रीतिकाल (D)आधुनिक काल

(IX) 'आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी' क्या हैं?

(A) कहानीकार (B) निबंधकार (C) नाटककार (D) चित्रकार

(X) इनमें से किस कवि को 'राष्ट्रकवि' की उपाधि मिली है?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान (B) कबीरदास

(C) रामधारी सिंह दिनकर (D) सूरदास

(XI) 'आचरण' का लिंग निर्णय करें ।

(A) उभय लिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) पुल्लिंग (D) इनमें से केई नहीं

(XII) 'दहेज' का लिंग निर्णय करें ।

(A) स्त्रीलिंग(B) पुल्लिंग (C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

(XIII) 'पुस्तक' का लिंग निर्णय करं।

(A) पुलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

(XIV) 'कारक' के कितने भेद हैं?

(A) पाँच (B) छः (C) सात (D) आठ

(XV) 'विशेषण' के कितने भेद हैं?

(A) पाँच (B) तीन (C) चार (D) छः

(XVI) 'काल' के कितने भेद है ?

(A) दो (B) चार (C) तीन (D) पाँच

(XVII) निम्नलिखित में 'सोना' का पर्यायवाची शब्द क्या है?

(A) लोहा (B) कनक (C) जागना (D) सो जाना

(XVIII)'सरस्वती' का पर्यायवाची शब्द बतायें ।

(A) लक्ष्मी (B) दुर्गा (C) काली (D) शारदा

(XIX) 'पृथ्वी' का पर्यायवाची शब्द लिखें ।

(A) पाथेय (B) भूपति (C) भूमि (D) भुधर

(XX) 'दाँत-काटी रोटी होना' मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करें ।

(A) मित्रता होना (B) शत्रुता होना

(C) दाँत-रोटी का संबंध होना (D) इनमें से कोई नहीं

(XXI) 'पीठ दिखाना' मुहावरे का अर्थ है–

(A) हरा देना (B) हार कर भाग जाना

(C) साथ देना (D) मर जाना

(XXII) 'दिगम्बर' का संधि विच्छेद बतायें ।

(A) दिक+अम्बार (B) दिक+अंबर

(C) दिगम्+बार (D) दिक्+अम्बर

(XXIII) 'पवित्र' का संधि विच्छेद है–

(A) प+इत्र (B) पौ+इत्र

(C) पोई+त्र (D) पो+इत्र

(XXIV) 'परीक्षा' का संधि विच्छेद करें-

(A) परी+ईक्षा (B) परि+ईक्षा

(C) परी+इक्छा (D) परि+इक्षा

(XXV) 'संधि' के कितने प्रकार हैं–

(A) पाँच (B) दो

(C) तीन (D) चार

2. भावार्थ लिखें - 5

रहिमन, पानी राखिये, बिन पानी सब सून ।
पानी गये न ऊबरै, मोती मानुस चून ।।

अथवा

दैन्य जड़ित अपलक नत चितवन,
अधरों में चिर नीरव रोदन,
युग-युग के तम के विषण्ण मन
वह अपने घर में, प्रवासिनी !

3. 'मंगर' राम वृक्ष बेनीपुरी रचित शब्द चित्र का सारांश लिखें ।
5

अथवा 'जीवन का झरना' कविता का भावार्थ लिखें ।

4. सभी प्रश्नों के उत्तर दें- 1X5=5

(i) 'बेटा, क्या बिगाड़ के डर से ईमान की बात न कहोगे'– किस पाठ की उक्ति है?

(ii) महादेव मुँह ताके और मैं खाऊँ, यह कैसे होगा ? किस पाठ का उद्धरण है?

(iii) मनुष्य के स्वभाव में बहुत सकीर्णता और विरूपता है।- प्रस्तुत पंक्ति किस पाठ से ली गयी है?

(iv) 'मानचित्र पर जो मिलता है, नहीं देश भारत है।' किस कविता से उद्धृत है?

(v) 'जीवन-संदेश' के कवि कौन हैं?

5. संक्षेपण करें - 5

विद्यार्थी अपनी पढ़ाई की धुन में स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते हैं। इसलिए वे भयंकर रोगों से आक्रांत हो जाते हैं। दिन-रात लगातार कठिन मानसिक परिश्रम करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। जिसका स्वास्थ्य ठीक नहीं है वह अच्छी तरह से विद्या-अध्ययन नहीं कर सकता है। अतः विद्यार्थी को अपने स्वास्थ्य पर पर्याप्त ध्यान देना चाहिए ।

6. निम्नलिखित में स किसी एक पर निबंध लिखें 5

(i) हमारे प्रिय साहित्यकार : प्रेमचंद

(ii) प्रदूषण

(iii) नोटबंदी

(iv) बाल-विवाह सामाजिक कुरीति

(v) इंटरनेट का महत्व

*****